अमर उजाला कुमाऊं

टनकपुर प्रौद्योगिकी संस्थान भी इसरो का नोडल सेंटर बना

अप्रैल और मई में आयोजित होंगे इसरो के लाइव स्टार्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

टनकपुर (चंपावत)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने प्रदेश में वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि के एक और कैंपस डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान टनकपुर को अपने स्टार्ट-2024 प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए दूसरा नोडल सेंटर बनाया है।

इससे पहले विश्वविद्यालय के कैंपस महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, देहरादून को इसरो ने राज्य में अपना पहला नोडल सेंटर बनाया था। दोनों नोडल केंद्रों पर अप्रैल और मई में लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक (कैंपस) प्रो. हरद्वारी लाल मंडोरिया ने बताया कि तकनीकी विवि के दो कैंपस को स्टार्ट-2024 प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए नोडल सेंटर बनाया गया है। इससे पहले महिला प्रौद्योगिकी संस्थान देहरादून को नोडल बनाया जा चुका है।

शिक्षा और अनुसंधान में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी को भी मिलेगा बढ़ावा

ई-क्लास कोऑर्डिनेटर मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से नोडल कोऑर्डिनेटर्स की जिम्मेदारियां इसरो की ओर से निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

रेगुलर आधार पर होने वाले इस लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम के कोर्स फीडबैक भी नोडल कोऑर्डिनेटर की ओर से इसरो को भेजे जाएंगे। इसरो दैनिक आधार पर ई-कक्षाएं संचालित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए टनकपुर में सहायक प्राध्यापक डॉ. देव प्रकाश सत्संगी को नोडल समन्वयक नामित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जानकारी प्रदान करना है।